# वामिस का मिलेगा साथ, हाईटेक होगा जल संसाधन विभाग

**राज्य ब्यूरो, पटना :** जल संसाधन विभाग ने पहली जुलाई से विभागीय कार्यों और खाता के प्रबंधन के लिए एक नई सूचना प्रणाली को अपनाने का निर्णय किया है। वामिस (वर्क्स अकाउंट्स मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम) नामक इस प्रणाली के सफल कार्यान्वयन के उद्देश्य से सभी क्षेत्रीय अभियंताओं एवं कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए सोमवार से कार्यक्रम चलाया जाएगा। विभाग के सभी प्रक्षेत्र के इंजीनियर एवं कर्मी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। विभाग ने वामिस साफ्टवेयर के साथ वामिस एप भी तैयार किया है। उसमें जल संसाधन विभाग के राज्य भर के अधिकारी अपने क्षेत्र की योजनाओं से संबंधित रियल टाइम अपडेट अपलोड करेंगे। अधिकारी विभिन्न योजनाओं के स्थल निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल से ही परियोजना के संबंध में जरूरी सूचनाओं को भी इस एप पर अपलोड करेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 20 जून को सुबह के सत्र में बाढ़ नियत्रंण एवं जल निस्सरण मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जोन, दोपहर बाद के सत्र में कटिहार और गोपालगंज जोन के लिए प्रशिक्षण होगा। 21 जून को सुबह का सत्र यांत्रिक, पटना, समग्र अन्वेषण एवं योजना आयोजन, पटना तथा केंद्रीय रूपांकन, शोध एवं गुण नियंत्रण, पटना, जबकि दोपहर बाद के सत्र में सिंचाई सृजन डिहरी, औरंगाबाद व गया के लिए निर्धारित है।